# यूपीईएस के स्टूडेंट्स ने तैयार किया फ्लेक्स फ्यूल

## फ्यूचर में पेट्रोल-डीजल पर डिपेंडेंसी में आएगी कमी

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (1 April):** यूपीईएस यूनिवर्सिटी में बीटेक कर रहे पांच छात्रों ने इनोवेशन के तहत एप्लाइड पेट्रोलियम इंजीनियरिंग-गैस की पढ़ाई करते हुए इथनॉल मिश्रण के साथ फ्लेक्स ईंधन को तैयार किया है. यह ईंधन भविष्य में पेट्रोल-डीजल और विद्युत पर ऊर्जा की निर्भरता को कम करेगा.

इस फ्लेक्स ईंधन से वाहन चलेंगे. बीटेक के छात्र पुर्ष्येंदु सिन्हा, ऋषभ किंगर, सिद्धार्थ राज, विवेक नेगी और वरुण सिंह कुशवाह ने दूरदर्शी परियोजना के रूप में फ्लेक्स फ्यूल विकसित किया है. छात्रों ने दावा किया कि इस नये ईंधन के निर्माण से भविष्य में ईंधन की कमी को दूर करने के लिए तैयार किया जा रहा है. इस मिशन की अभी यह शुरुआत है, भविष्य में इस दिशा में नवाचार जारी रहेगा और इसकी गुणवत्ता को बेहतर बनने की दिशा में अनुसंधान जारी रहेगा. ऊर्जा विकल्प स्रोत के रूप में विकसित करने में विवि और बीटेक के अन्य छात्रों का सहयोग लिया जाएगा.



फ्लेक्स फ्यूल तैयार करने वाले बीटेक के स्टूडेंट्स.